# Kerendia® के लिए आपका गाइड (फ़िनेरेनोन)

Pr Kerendia®
(finerenone)
10 mg • 20 mg Tablets

## किडनी की पुरानी बीमारी (CKD) और टाइप 2 डायबिटीज़ (T2D) को समझना

आपकी किडनी पेशाब बनाने के लिए आपके खून से अपशिष्ट पदार्थ और अतिरिक्त पानी को हटाकर उसे फ़िल्टर करती हैं। CKD एक ऐसी स्थिति है जहां किडनी धीरे-धीरे समय के साथ ठीक से काम करने की क्षमता खो देती है।

CKD टाइप 2 डायबिटीज़ से होने वाली एक सामान्य समस्या है।

समय के साथ, CKD और T2D से किडनी बेहद खराब हो सकती है, जिसकी वजह से किडनी के काम करने की क्षमता कम हो सकती है और कुछ मामलों में, किडनी पूरी तरह काम करना बंद कर सकती है।

CKD और T2D की वजह से हृदय संबंधी समस्याएँ जैसे दिल का दौरा, दिल का काम न कर पाना या दिल या खून की नसों से जुड़े रोग भी हो सकते हैं।

**CKD और T2D को समझने से आपको अपनी बीमारी से बेहतर तरीके से नपिटने में मदद मलि सकती है।**

## Kerendia® का

### मुझे Kerendia® क्यों दिया गया है?

CKD और T2D से जूझ रहे वयस्कों का इलाज करने के लिए दूसरी दवाओं के साथ-साथ Kerendia® का इस्तेमाल किया जाता है:

किडनी की खराबी को धीमा करने के लिए

दलि या खून की नसों की बीमारी से मौत के जोखमि को कम करने के लिए, दलि के दौरे के जोखमि को कम करने के लिए और दलि के काम न कर पाने की वजह से अस्पताल में भर्ती होने के जोखमि को कम करने के लिए

### Kerendia® को लेने का तरीका क्या है?

Kerendia® को उसी तरह लेना ज़रूरी है जैसा आपके डॉक्टर ने बताया है, वो भी रोज़ और उसी समय पर।

- Kerendia® मुँह से ली जाने वाली दवा है, जिसकी एक गोली रोज़ लेना चाहिए। अपको पूरी गोली निगलनी चाहिए।
- Kerendia® को एक गिलास पानी के साथ खाना खाने के बाद या खाली पेट लिया जाना चाहिए।
- अगर आप पूरी गोली नहीं निगल सकते, तो क्रश (चूड़) कर पानी या सेब के रस जैसे नरम खाद्य पदार्थों के साथ मिलाकर उसी समय ले सकते हैं।
- Kerendia® लेते समय न तो अंगूर खाएँ और न ही अंगूर का जूस पीएँ।

**4 सप्ताह के इलाज के बाद, आपका स्वास्थ्य देखभाल पेशेवर यह देखने के लिए परीक्षण करेगा कि आपका शरीर Kerendia® पर किस तरह प्रतिक्रिया दे रहा है और किस तरह इसे सहन कर रहा है। नतीजों के आधार पर, Kerendia® की आपकी खुराक बढ़, घट या जस की तस रह सकती है।**

### Kerendia® की खुराक गलती से छूट जाने पर क्या होगा?

छूटी हुई खुराक की भरपाई के लिए एक ही दिन में दो गोलियाँ न लें। अगर आप किसी दिन अपनी खुराक लेना भूल जाते हैं और वह दिन अभी बीता नहीं है, तो जैसे ही आपको याद आए, गोली लें। अगर दिन बीत चुका है, तो छूटी हुई खुराक को छोड़ दें और जैसा निर्धारित किया गया है उसी तरह अपनी अगली खुराक लें।

**कडिनी की पुरानी बीमारी के बारे में और जानकारी के लिए, इस QR कोड को स्कैन करके कडिनी फ़ाउंडेशन ऑफ़ कनाडा (Kidney Foundation of Canada) की वेबसाइट पर जाएँ।**

## Kerendia® (फ़िनेरेनोन) लेने से पहले मुझे अपने डॉक्टर को क्या बताना चाहिए?

**दुष्प्रभावों से बचने के लिए और दवा का सही तरीके से इस्तेमाल सुनिश्चित करने में मदद करने के लिए, Kerendia® लेने से पहले किसी भी बीमारी या स्वास्थ्य समस्या के बारे में अपने स्वास्थ्य देखभाल पेशेवर से बात करें। इसमें शामिल हैं यदि आप:**

- अगर आपके खून में पोटेशियम का स्तर ज़्यादा है या था (हाइपरकेलेमिया)
- अगर आपकी किडनी गंभीर रूप से खराब हो गई है (सिवियर रेनल इम्पेयरमेंट) या किडनी की अंतिम चरण की बीमारी (किडनी फ़ेल्योर)
- अगर आपका लीवर हल्का या गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गया है (मॉडरेट या सिवियर हेपैटिक इम्पेयरमेंट या चाइल्ड-पग B या C)
- चूंकि Kerendia® में लैक्टोज़ होता है, इसलिए अगर आपको इनमें से कोई एक दुर्लभ वंशानुगत बीमारी हो: गैलैक्टोज़ इंटॉलेरेंस; लैप लैक्टेज़ डिफ़िशिएंसी; ग्लूकोज़-गैलैक्टोज़ मालएब्ज़ॉर्प्शन
- अगर आप गर्भवती हों, लगता हो कि आप गर्भवती हैं, या गर्भवती होने की सोच रही हों
- अगर आप स्तनपान कराती हों या स्तनपान कराने के बारे में सोच रही हों, चूंकि आप Kerendia® ले रही हैं, इसलिए आपको स्तनपान नहीं कराना चाहिए

Kerendia® से आपके अजन्मे बच्चे को नुकसान पहुँच सकता है। अगर Kerendia® लेने के दौरान आप गर्भवती हो जाती हैं, तो अपने स्वास्थ्य देखभाल पेशेवर को **तुरंत** बताएँ। Kerendia® को गर्भाधान के समय तब तक नहीं लिया जाना चाहिए जब तक आप और आपके स्वास्थ्य देखभाल पेशेवर ने इसे लेने का फ़ैसला नहीं किया हो। अगर आपके माँ बनने की संभावना हो, तो जन्म नियंत्रण के किसी भरोसेमंद तरीके का इस्तेमाल करें।

**अपने स्वास्थ्य देखभाल पेशेवर को उन सभी दवाओं के बारे में बताएँ जो आप लेते हैं, इनमें कोई भी दवा, विटामिन, मिनरल, नैचुरल सप्लीमेंट या वैकल्पिक दवाएँ शामिल हैं। Kerendia® दूसरी दवाओं के काम करने के तरीके पर असर डाल सकती है और इसी तरह दूसरी दवाओं से Kerendia® के काम करने के तरीके पर भी असर पड़ सकता है। दवाओं से पड़ने वाले असर के बारे में और जानकारी के लिए, कृपया 'रोगी दवा सूचना पत्रक' देखें।**

## Kerendia® के संभावित दुष्प्रभाव क्या हैं?

Kerendia® लेते समय आपको दुष्प्रभावों का अनुभव हो सकता है। **त्वचा में खुजली** एक संभावित दुष्प्रभाव है। कुछ लोगों में गंभीर दुष्प्रभाव हो सकते हैं।

**अगर आप निम्न में से किसी भी गंभीर दुष्प्रभाव का अनुभव करते हैं, तो अपने स्वास्थ्य देखभाल पेशेवर से बात करें:**

**बेहद सामान्य:**
- **हाइपरकेलेमिया** (खून में पोटेशियम का उच्च स्तर): कमज़ोरी या थकावट, बीमार महसूस होना (मतली), हाथों और होंठों का सुन्न पड़ना, मांसपेशियों में ऐंठन, नब्ज गिरना

**सामान्यः**
- **एनीमिया** (लाल रक्त कोशिकाओं की संख्या में कमी): पीलापन, कमज़ोरी, थकावट, जोश में कमी, हल्की सिरदर्द, दम फूलना, असामान्य रूप से दिल की तेज़ धड़कन, सीने में दर्द
- **किडनी के काम करने की क्षमता में कमी:** सामान्य से ज़्यादा बार या कम बार पेशाब करना, थकान, मांसपेशियों में ऐंठन, बीमार महसूस होना (मतली) या उल्टी, भूख न लगना
- **हाइपरयुरिसीमिया** (खून में यूरिक एसिड का उच्च स्तर): जोड़ में दर्द, जकड़न और/या सूजन और लालिमा
- **हाइपोनेट्रेमिया** (खून में सोडियम का निम्न स्तर): बीमार महसूस होना (मतली), थकावट, सिरदर्द, मतिभ्रम, मांसपेशियों में कमज़ोरी, जकड़न या ऐंठन
- **हाइपोटेंशन** (निम्न रक्तचाप): चक्कर आना, हल्की सिरदर्द, बेहोशी, देखने में धुंधलापन, बीमार महसूस होना (मतली), उल्टी, थकान (ऐसा तब हो सकता है जब आप लेटे या बैठे हों और फिर खड़े हो जाते हों)

**इनमें सभी संभावित दुष्प्रभाव शामिल नहीं हैं। अगर आपको परेशानी का ऐसा कोई लक्षण या ऐसा कोई दुष्प्रभाव दिखाई देता है जो यहाँ नहीं दिया गया है या कोई दुष्प्रभाव इतना बिगड़ जाता है जिससे आपको अपनी दैनिक गतिविधियों में परेशानी होती है, तो अपने स्वास्थ्य देखभाल पेशेवर को बताएँ।**

© 2025, Bayer Inc.
® TM www.bayer.ca/tm-mc देखें
PP-KER-CA-0148-1
KE0076

MEMBER OF INNOVATIVE MEDICINES CANADA

Pr Kerendia® (finerenone) 10 mg • 20 mg Tablets